## मुख्य घटनाएं और उपलब्धियां

(फरवरी, 2018)

1. मंत्रिमंडल ने दिनांक 07 फरवरी, 2018 की अपनी बैठक में स्वास्थ्य और औषधि के क्षेत्र में सहयोग के संबंध में भारत और ओमान के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) संबंधी प्रस्ताव को अनुमोदित किया। उक्त एमओयू पर 11 फरवरी, 2018 को माननीय प्रधानमंत्री के ओमान दौरे के दौरान हस्ताक्षर किए गए थे।
2. दिनांक 17 फरवरी, 2018 को ईरान के महामहिम राष्ट्रपति के भारत दौरे के दौरान स्वास्थ्य और औषधि के क्षेत्र में सहयोग के संबंध में भारत और ईरान के बीच समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे।
3. मंत्रिमंडल ने 28 फरवरी, 2018 को आयोजित अपनी बैठक में स्वास्थ्य के क्षेत्र में सहयोग के संबंध में भारत और मेसेडोनिया के बीच समझौता-ज्ञापन के प्रस्ताव को स्वीकृति दी।
4. मंत्रिमंडल ने 28 फरवरी, 2018 को आयोजित अपनी बैठक में स्वास्थ्य और औषधि के क्षेत्र में सहयोग के संबंध में भारत और जॉर्डन के बीच समझौता ज्ञापन के प्रस्ताव को स्वीकृति दी।
5. माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण केंद्रीय मंत्री के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने 19-23 फरवरी, 2018 के दौरान कैनबरा, ऑस्ट्रेलिया में "वैश्विक डिजिटल स्वास्थ्य सहभागिता की उद्घाटन बैठक" में भाग लिया तथा सिडनी, ऑस्ट्रेलिया में "अंतर्राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य संगोष्ठी" को संबोधित किया तथा उसमें भाग लिया।
6. दिनांक 26 फरवरी, 2018 को माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने एचआईवी/एड्स (पीएलएचआईवी) से ग्रस्त सभी लोगों, जिनका देश में उपचार चल रहा है, के लिए वायरल लोड जांच शुरू की है, ताकि वर्ष में कम से कम एक बार उनकी नि:शुल्क वायरल लोड जांच की जा सके।
7. दिनांक 27 फरवरी, 2018 को माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण केंद्रीय मंत्री की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन विषय-निर्वाचन समूह (एमएसजी) की 5वीं बैठक आयोजित की गई।
8. दिनांक 9 फरवरी, 2018 को नई दिल्ली में स्वास्थ्य और औषधि के क्षेत्र में सहयोग के संबंध में भारत और क्रोएशिया की बीच संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) की पहली बैठक आयोजित की गई।
9. जेनेवा स्विटजरलैण्ड में सल्ले डी, डब्ल्यूएचओ मुख्यालय में दिनांक 26-27 फरवरी, 2018 को आयोजित कार्यनीतिक एवं तकनीकी एंटी-माइक्रोवॉयल प्रतिरोध सलाहाकर समूह (एसटीएजी-एएमआर) की 9वी बैंठक में भाग लिया।

10. जेनेवा, स्विटजरलैण्ड में 21-23 फरवरी, 2018 के दौरान न्यूक्लिक एसिड वैक्सीन के मूल्यांकन हेतु विनियामक अपेक्षाओं के संबंध में आयोजित डब्ल्यूएचओ औपचारिक परामर्श में भाग लिया।
11. जेनेवा, स्विटजरलैण्ड में 12-15 फरवरी, 2018 के दौरान कोर मलेरिया निदानों तक सबकी पहुंच के संबंध में आयोजित डब्ल्यूएचओ तकनीकी परामर्श में भाग लिया।
12. 28 फरवरी, 2018 से क्षयरोग के संबंध में जागरूकता सृजित करने के संबंध में अखिल भारतीय रेडियो और दूरदर्शन पर एक माह का मीडिया अभियान प्रारंभ किया गया।
13. कार्यक्रम कार्यान्वयन की कार्यनीति पर चर्चा करने के लिए 9-10 फरवरी को डब्ल्यूएचओ संशोधित राष्ट्रीय क्षयरोग नियंत्रण कार्यक्रम (आरएनटीसीपी) परामर्शी नेटवर्क बैठक आयोजित की गई थी।
14. दिनांक 2 फरवरी, 2018 को टीबी - एचआईवी के संबंध में एनएसीपी और आरएनटीसीपी सॉफ्टवेयर के बीच अंतर-व्यवहार्यता तथा विकास सेतु के संबंध में बैठक आयोजित की गई थी।
15. शैक्षणिक सत्र 2018-19 और उसके बाद से एमबीबीएस प्रथम वर्ष पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया पूरा करने की समय अनुसूची को अधिसूचित करने हेतु स्नातक चिकित्सा शिक्षा विनियम, 1997 में संशोधन किया गया है।
16. शैक्षणिक सत्र 2018-19 और उसके बाद से स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों (व्यापक विशेषज्ञता) के लिए प्रवेश प्रक्रिया पूरा करने की समय अनुसूची को अधिसूचित करने हेतु स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा विनियम, 2000 में संशोधन किया गया है।
17. भारतीय चिकित्सा परिषद (एमसीआई) की सिफारिश पर मंत्रालय ने शैक्षिक सत्र 2018-19 के लिए पीजी (व्यापक विशेषज्ञता) में 706 सीटें प्रारंभ करने/बढ़ाने का अनुमति पत्र जारी कर दिया है।
18. शैक्षिक वर्ष 2018-19 के लिए विभिन्न एमडीएस पाठ्यक्रमों हेतु 114 डेंटल कॉलेजों और बीडीएस पाठ्यक्रमों के लिए 34 डेंटल कॉलेज को नवीकरण अनुमति पत्र जारी कर दिए गए हैं।
19. शैक्षिक वर्ष 2018-19 के लिए 4 डेंटल कॉलेजों के संबंध में एमडीएस पाठ्यक्रम प्रारंभ करने/बढ़ाने का अनुमति-पत्र जारी कर दिया गया है।
20. 9 डेंटल कॉलेजों के संबंध में बीडीएस डिग्रियों को मान्यता देने की अधिसूचना/पत्र जारी कर दिया गया है/दिए गए हैं।
21. एचआईवी अनुमान 2017 से परिणामों की समीक्षा करने एवं अनुमोदन देने के लिए एचआईवी निगरानी एवं अनुमान पर तकनीकी संसाधन समूह (टीआरजी) की एक बैठक आयोजित की गई।

22. नाको द्वारा 20 फरवरी, 2018 को जयपुर में कारागृह एवं अन्य संबद्ध स्थापनाओं में एचआईवी कार्यक्रम चलाया गया। समारोह के दौरान, कारागृह तथा अन्य संबद्ध स्थापनाओं में एचआईवी कार्यक्रम प्रारंभ करने पर राजस्थान राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी (एसएसीएस) एवं कारागृह विभाग, राजस्थान सरकार के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

23. खसरा - रुबेला (एमआर) अभियान के अंतर्गत 24 फरवरी, 2018 तक 7.6 करोड़ से अधिक बच्चों को टीके लगाए गए, जिसमें 15 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को कवर किया गया।

24. गहन मिशन इंद्रधनुष के फरवरी, 2018 चरण के दौरान (21.02.2018 तक) असम, बिहार एवं केरल राज्यों में लगभग 59.42 लाख बच्चों और 11.85 लाख गर्भवती महिलाओं को टीके लगाए गए।

25. 6 राज्यों (आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मिजोरम, तेलंगाना एवं तमिलनाडु) में एचआईवी एवं सिफलिस के मां से शिशु में संचरण के उन्मूलन के डाटा सत्यापन तथा डाटा वैधीकरण के निष्कर्ष के प्रचार-प्रसार पर 22 फरवरी, 2018 को नई दिल्ली में एक बैठक आयोजित की गई।

26. मलेरिया की वर्तमान महामारी स्थिति एवं मलेरिया उनमूलन की कार्यनीतियों का मूल्यांकन करने के लिए सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण की अध्यक्षता में दिनांक 21.02.2018 को राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन कार्यबल की पहली बैठक आयोजित की गई।

27. राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत फरवरी, 2018 के महीने में लगभग 7.10 लाख मोतियाबिंद शल्य चिकित्सा की गईं, स्कूली बच्चों को 0.07 नि:शुल्क चश्में वितरित किए गए और दान किए गए लगभग 8,273 नेत्र एकत्र किए गए।

*****